(b). The decline was due to a number of reasons including the incidents in Ayodhya and its aftermath, disturbed conditions in some parts of the country and the strikes in national airlines.

(c) The measures initiated to increase the flow of tourists to India include reassurance campaigns in the overseas markets, strengthening of publicity and promotional efforts and development of tourist attractions and facilities.

पर्यटन-संवर्धन के लिए विभिन्न राज्यों को आवंटित की गई राशि

3137. **श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पर्यटन-संवर्धन के लिए विभिन्न राज्यों को आवंटित की गई धनराशि और वास्तव में जारी की गई राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) आवंटित की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है, और पिछले तीन वर्षों के दौरान उक्त प्रयोजन के लिए विभिन्न राज्यों को वास्तव में कितनी धनराशि जारी की गई है और केन्द्रीय सरकार द्वारा कितनी धनराशि आवंटित की गई है ;

(ग) क्या यह सच है कि उक्त अवधि के दौरान अरुणाचल प्रदेश और गोवा को जितनी राशि आवंटित की गई है उतनी ही राशि बिहार राज्य को आवंटित की गई है, जो कि एक बड़ा राज्य है;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और क्या सरकार बिहार को इसके क्षेत्रफल और इसकी जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए धनराशि आवंटित करने पर विचार करेगी ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) विगत तीन वर्षों यथा 1990-91, 1991-92 और 1992-93 के दौरान विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को स्वीकृत और अवमुक्त की गई राशि के ब्यौरे विवरण में दिए गए हैं (नीचे देखिए) ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ) केन्द्रीय सहायता राज्य सरकारों से प्राप्त विशिष्ट प्रस्तावों के आधार पर स्वीकृत की जाती है । केन्द्रीय सहायता का निर्धारण किसी राज्य के आकार या जनसंख्या के आधार पर नहीं किया जाता ।

विवरण

पर्यटन के संवर्धन के लिए विभिन्न राज्यों का आवंटित की गई राशि

(लाख रुपयों में)

राज्य	1990-1991		1991-92		1992-93	
	स्वीकृत की गई राशि	अवमुक्त की गई राशि	स्वीकृत की गई राशि	अवमुक्त की गई राशि	स्वीकृत की गई राशि	अवमुक्त की गई राशि
1	2	3	4	5	6	7
1. आन्ध्र प्रदेश .	73.47	37.50	88.36	46.86	9.51	7.00
2. अरुणाचल प्रदेश.	7.35	5.50	24.00	1.00	48.27	28.00
3. असम. .	22.67	11.50	174.79	91.97	78.66	37.94
4. बिहार .	146.96	84.23	150.31	73.15	54.41	26.33
5. गोवा .	–	–	41.78	40.09	42.71	22.76
6. गुजरात .	98.55	42.50	141.58	76.85	20.90	8.00
7. हरियाणा .	203.16	135.74	159.01	102.25	104.97	49.50
8. हिमाचल प्रदेश .	80.08	41.61	150.96	93.43	111.94	44.36
9. जम्मू एवं कश्मीर	90.89	61.97	65.25	35.00	152.75	73.69
10. कर्नाटक .	91.11	45.50	185.26	82.85	176.79	89.79
11. केरल .	190.19	150.97	305.27	278.98	114.08	10.75
12. मध्य प्रदेश .	234.36	168.66	265.77	163.26	39.07	13.70

1	2	3	4	5	6	7
13. महाराष्ट्र .	135.68	123.41	313.53	235.65	203.18	61.00
14. मणिपुर .	15.12	7.50	—	—	66.24	34.38
15. मेघालय .	22.33	12.49	92.54	40.00	9.77	5.00
16. मिजोरम .	20.02	14.50	62.04	31.91	47.70	23.45
17. नागालैंड .	34.54	18.10	69.24	46.19	7.17	4.00
18. उड़ीसा .	121.61	53.83	214.60	113.80	72.37	37.63
19. पंजाब .	48.13	20.90	31.25	16.10	135.83	42.50
20. राजस्थान .	152.16	99.88	181.38	86.96	153.31	68.60
21. सिक्किम .	59.71	44.11	119.98	73.70	49.12	28.10
22. तमिलनाडु .	145.37	76.30	74.04	46.04	107.42	46.10
23. त्रिपुरा .	23.55	20.20	77.29	32.50	80.28	36.70
24. उत्तर प्रदेश .	397.87	234.75	160.59	60.80	87.34	46.88
25. पश्चिम बंगाल .	321.15	188.00	189.23	191.71	94.10	39.00
संघ राज्य क्षेत्र						
1. अंडमान और निकोबार	—	—	79.85	45.52	93.50	54.00
2. चंडीगढ़ .	—	—	17.11	8.55	13.70	4.25
3. दादरा और नगर हवेली	3.60	3.00	5.52	3.00	—	—
4. दमन और दीव .	—	—	15.75	6.25	28.50	28.50
5. दिल्ली .	20.52	18.28	20.22	18.15	58.34	19.93
6. लक्षद्वीप .	9.25	7.75	32.26	15.00	—	—
7. पांडिचेरी .	—	—	47.23	31.23	—	—
जोड़ .	2768.40	1708.68	3575.51	2088.75	2271.93	991.84

एअर इंडिया में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों के लिए आरक्षित रिक्तियों का भरा जाना

3138. **चौधरी हरि सिंह :** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एअर इंडिया प्रचालन विभाग, सान्ताक्रुज (पूर्व) मुम्बई विमानपत्तन ने विभिन्न श्रेणियों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों के लिए आरक्षित बकाया रिक्तियों को भरने के लिए 1993 में एक योजना शुरू की है ; और

(ख) यदि हां, तो श्रेणीवार इन पदों का ब्यौरा क्या है और कितने व्यक्तियों का चयन किया गया है और उक्त रिक्त पदों पर कितने व्यक्तियों की नियुक्ति की गयी है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

Revelation regarding acquisition of TU-154 Air Crafts

3139. SHRI DIGVIJAY SINGH :
SHRI SUKOMAL SEN :

Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether former CMD, Indian Airlines was correct to say that TU-154 aircrafts were taken on wet lease only on the insistence of Civil Aviation Ministry officials ; and

(b) if so, what were the reasons for such insistence by Aviation officials ?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.